छात्रों की कम उपस्थिति पर कुलपति नाराज

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने विवि से सम्बद्ध तीन संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं में छात्रों की कम उपस्थिति पर कुलपति ने नाराजगरी जताई। उन्होंने कहा कि कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिए।

सोमवार को यूटीयू के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ज्वालापुर (हरिद्वार) में स्थित रामानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एण्ड मैनेजमेंट, स्वामी दर्शनानन्दा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टैक्नोलाजी और रुड़की स्थित ओम बायो साइंस एण्ड फार्मेसी कॉलेज का औचक निरीक्षण निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने संस्थानों को परीक्षा से पूर्व सिलेबस को पूरा करने का निर्देश दिया। कुलपति ने कक्षाओं में उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद कर अपने भविष्य को संवारने के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया जैसी नियमाक संस्थाओं के मानकों का कड़ाई से पालन करना होगा। कुलपति ने कहा कि संस्थानों को अव्यवस्थित शैक्षणिक महौल में समय रहते सुधार न करने पर विवि को सख्त कदम उठाना पड़ेगा। कुलपति ने कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा छात्रों को पढ़ाये जा रहे विषयों की जानकारी ली। इसके साथ ही शैक्षणिक गुणवत्ता में तभी सुधार लाने के लिए ईमानदारी व लगन से प्रयास करने पर जोर दिया।

■ यूटीयू के कुलपति ने किया तीन कालेजों का औचक निरीक्षण

■ नियामक संस्थाओं के मानकों का पालन करने की दी हिदायत

■ कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति के नियमों का करवाये पालन

■ संस्थानों को परीक्षा से पूर्व सिलेबस को पूरा करने के निर्देश दिए